हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 18 मई 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 30.2 डिग्री

4

**गर्मियों में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें: कलेक्टर**



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (years)
D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (years)
सत्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अंबिकापुर 7440435000




## थाने में की गई शिकायत

# जल संसाधन विभाग की आवक-जावक पंजी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



फाइल फोटो

जल संसाधन विभाग में आवक जावक पंजी के गायब होने को लेकर उठा विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करने के लिए विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता ने कोतवाली प्रभारी को पत्र लिखा है। कोतवाली प्रभारी रवि शंकर तिवारी का कहना है कि फिलहाल यह मामला जांच में हैं। कोतवाली प्रभारी को लिखे पत्र में जल संसाधन विभाग जशपुर के कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक ने बताया, कि 5 से 7 अप्रैल तक शासकीय अवकाश होने के बाद भी आवश्यक शासकीय कार्य पूरा करने के लिए कार्यालय खुला हुआ था। 8 अप्रैल को कार्यालय के स्टेनो टायपिस्ट ललित कुमार तिग्गा ने कार्यालय से आवक जावक पंजी गुम होने की सूचना दी। मामले की जानकारी लेने पर पता चला कि संभागीय कार्यालय में सहायक मानचित्रकार एसके साण्डेय, नोवेल टोप्पो, अनुलेखक सुभाष तिर्की, स्थल सहायक सैयद इशफाक जमा, चौकीदार शिवप्रकाश रजक, रात्रिकालिन चौकीदार अमरजीत राम, एसडीओ एसके रात्रे, स्थल सहायक राजेश कुमार, वरिष्ठ लेखा लिपिक विलसन टोप्पो, डाटा एंट्री आपरेटर उमेश कुमार साहू लोकसभा चुनाव के प्रशिक्षण के लिए कार्यालय से बाहर थे। इसके बाद से ही कार्यालय से आवक जावक पंजी गायब है। इस पूरे मामले में ईई विजय जामनिक ने कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की अनुपस्थिति में कार्यालय में आने वाले लोगों के शामिल होने का संदेह जताया है।

- चुनाव ड्यूटी पर गए थे कर्मचारी

**जांच की जा रही**

मामले में जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक की शिकायत मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रवि तिवारी
टीआई कोतवाली थाना जशपुर

# 10 वीं की स्टेट टॉपर सिमरन ने कहा सफलता में डीपीएस का योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शुक्रवार को यहां के डीपीएस में 10 वीं में 75 प्रतिशत एवं 12 वीं कक्षा की परीक्षा में 70 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक समारोह में सम्मनित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ। विशेष रूप से छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10 वीं बोर्ड में स्टेट टॉपर रहीं सिमरन शब्बा और उसके माता - पिता को भी इस सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया। साथ ही स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। पूरा कार्यक्रम स्कूल के एमडी ओमप्रकाश सिन्हा के निर्देश पर हुआ। जिसमें डायरेक्टर सुनीता सिन्हा, एकेडमिक प्रिंसिपल गार्गी चटर्जी, एडमिनिस्ट्रेटिव प्रिंसिपल जयंती सिन्हा व अन्य स्टॉफ मौजूद थे। इस सम्मान समारोह में स्टेट टॉपर सिमरन ने कहा कि 99.50 प्रतिशत अंक लाकर टॉप करना सुखद अनुभूति है। उसकी इस सफलता के पीछे डीपीएस का भी योगदान है। डीपीएस के शिक्षकों के मार्गदर्शन का नतीजा है कि आज मैं इस मुकाम में हूं। बता दें कि सिमरन शुरु से 9 वीं कक्षा तक डीपीएस में ही पढ़ीं है। इसके बाद उन्होंने आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश ले लिया है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत विद्यादायिनी मां सरस्वती की आराधना ⏭ शेष पेज 4 पर

- अमितेश ने कहा मां के मार्गदर्शन से मिले 95 प्रतिशत



समारोह में सम्मानित विद्यार्थी।

**जहां भी जाएं यूं ही चमकते रहें**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एकेडमिक प्रिंसिपल गार्गी चटर्जी ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन की सबसे बडी पूंजी है। हमें गर्व है कि हम आज प्रतिभावान बच्चों का सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस समारोह से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे। वे जहां भी जाएं यूं ही चमकते रहें और स्कूल के साथ जशपुर का मान बढ़ाएं।




**खबर संक्षेप**

### एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान बीएमओ पत्थलगांव एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजी, सामान्य वार्ड, आईसीयू और भण्डार कक्ष का अवलोकन किया। असपताल में अस्पताल में 29 मरीज सामान्य वार्ड और 1 मरीज आईसीयू में भर्ती थे। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन के 12 मरीज और एन आर सी में 18 बच्चे सकुशल पाए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चादर, भोजन और कूलर इत्यादि की अच्छी व्यवस्था थी। एसडीएम ने सभी कर्मचारियों के अवकाश पंजी को पुनः परीक्षण कर कर्मचारियों के उपस्थित पर विशेष ध्यान देने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया गया।

### गर्मी से मिली राहत लेकिन फसलों को हो रहा नुकसान



**जशपुरनगर।** पिछले 10 दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण तापमान में लगभग 4 से 6 डिग्री की कमी आई है। तापमान में होने वाली गिरावट के कारण लोग गर्मी से तो राहत पा रहे है। दूसरी ओर असमय बारिश और ओला वृष्टि के कारण किसान परेशान हैं। मुख्य रूप से टमाटर की फसल को ओला वृष्टि और बारिश के कारण अन्य फसलों के बजाय ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है। किसानों की माने तो असमय बारिश के कारण टमाटर के पौधे सुख जाते है या गलने लगते है। बाजार में टमाटर का रेट भी मौसम की तरह बदलता रहा है।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक को किया गया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सोशल मीडिया पर बच्चों व महिलाओं की अश्लील फोटो वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। लुंड्रा पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा नाबालिग के चाइल्ड अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर डाला गया था। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में लुंड्रा पुलिस ने अमगांव निवासी 27 वर्षीय फ्रांसिस तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिमकार्ड जब्त किया गया है।

# दुर्गा वाहिनी ने पत्थलगांव नगर के तीनों मार्गो में किया पथ संचलन





पथ संचलन में शामिल दुर्गावाहिनी की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मूल संगठन के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपने अनुसांगिक संगठनों के साथ फैला हुआ है , जिसमें से धर्म हित के लिए विश्व हिंदू परिषद का संगठन किया गया था ; जिसकी एक शाखा दुर्गा वाहिनी भी है । दुर्गा वाहिनी द्वारा प्रत्येक वर्ष देश के किसी भी क्षेत्र में वर्ग का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश के पत्थलगांव नगर में दुर्गावाहिनी द्वारा अपना सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न किया गया , जो कि 9 मई से 17 मई को संपन्न हुआ ।वर्ग को संपन्न करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद के समस्त कार्यकर्ता जुटे । सात दिवसीय वर्ग में चार विभागों से मातृ शक्ति अर्थात दुर्गाएं सम्मिलित होने के लिए पत्थलगांव नगर में ; सरगुजा विभाग , कोरबा विभाग , रायगढ़ विभाग , बिलासपुर विभाग । चारों विभाग से कुल मिलाकर 150 से भी अधिक बालिकाएं (दुर्गायें) वर्ग में उपस्थित रही एवम सात दिनों का शौर्य प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

इन 7 दिनों के प्रशिक्षण में मुख्य रूप से दुर्गाओं (बालिकाओं) को दंड , तलवार , रायफल , निःयुद्ध , समता एवं छत्तीसगढ़ में पहली बार दुर्गा वाहिनी के वर्ग में घोष का प्रशिक्षण दिया गया । यदि हम अन्य वर्गो की बाते करे तो इस बार पत्थलगांव का वर्ग अन्य वर्गो से कुछ हटकर है ।

आज दुर्गा वाहिनी द्वारा नगर के तीनों मार्ग जशपुर रोड, अंबिकापुर रोड ,रायगढ़ रोड में पथ संचलन किया गया। दुर्गा वाहिनी की बालिकाएं ⏭ शेष पेज 4 पर

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा दुर्गा वाहिनी का सात दिवसीय सम्मेलन
- जगह-जगह नागरिकों ने फूलों से वर्षा कर दुर्गा वाहिनी का किया स्वागत

# भगवान का वराह अवतार संतोष रूपी धन : मिथलेश्वरानंद

## खजरीढाप में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

वनांचल ग्राम खजरीढाप (कोतबा) में माँ दुर्गा सेवा समिति व समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में संगीतमय सार्वजनिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसमे सक्ति से पधारे कथा व्यास मिथलेश्वरानंद दुबे के श्री मुख से भक्तिज्ञान की बयार बह रही है। जिसमे रोजाना हजारों श्रोतागण कथा स्थल पहुंच कर भक्तिज्ञान सागर में गोता लगा रहे है।

श्रीमद्भागवत कथा 15 तारीख दिन बुधवार की सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाल कर ग्राम भ्रमण कर प्रारंभ किया गया।16 तारीख दिन गुरुवार को कथा माहात्म्य का वर्णन के साथ भागवत कथा का प्रारंभ किया वही कथा के दूसरे दिन17 तारीख दिन शुक्रवार को कथा व्यास मिथलेश्वरानंद दुबे ने प्रभु श्री राधामाधव के मंगलाचरण से कथा की शुरुआत की एवं वराह अवतार के संबंध में कहा कि लोभ को संतोष से मारो, वास्तव में वराह अवतार संतोष रूपी धन का ही स्वरूप है। लोभ और लालच से दूर रहकर कन्हैया हमें जिस स्थिति में रखें उसका उनके प्रति आभार माने यही वराह अवतार का रहस्य है। उन्होंने श्रीमद् भागवत के प्रथम मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान सत चित आनंद स्वरूप हैं और जब व्यक्ति सत्य को धारण कर लेता है तो उसके चित में आनंद समाने ⏭ शेष पेज 4 पर





व्यास पीठ पर कथा वाचक व उपस्थित श्रोता

### सामरबार में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**जशपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में बगीचा के सामरबार में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 22 से 25 मई तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रातः यज्ञ हवन के साथ विभिन्न संस्कार नि :शुल्क कराए जाएंगे। साथ ही सायंकाल में पावन प्रज्ञा पुराण कथा सत्संग का कार्यक्रम भी सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ गायत्री परिजनों ने भूमिपूजन किया। बगीचा के सामरबार अटल चौक में आयोजित होने वाले यज्ञ के आयोजन को लेकर ग्रामीण उत्साहित हैं। यज्ञ आयोजन समिती के सदस्यों ने बताया कि 22 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी ।23 मई को विश्व कल्याण की कामना के साथ प्रातः देव आवाहन होगा जिसके बाद गायत्री महामंत्र की आहुति यज्ञ भगवान को समर्पित की जाएगी ।उक्त यज्ञीय कार्यक्रम में विभिन्न संस्कार विद्यारंभ,अन्नप्राशन, मुंडन,यज्ञोपवीत, दीक्षा व अन्य संस्कार नि :शुल्क कराए जाएंगे ।प्रतिदिन सायं 3 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथा सत्संग का श्रवण भी श्रद्धालु कर सकेंगे ।25 मई को कार्यक्रम का समापन होगा ।गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उक्त कार्यक्रम के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं जिन्हें ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# कुनकुरी विकास खण्ड के स्कूलों में प्रारंभ किया गया समर कैंप



**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले जिला के विकास खण्ड कुनकुरी के शासकीय अशासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलों में समर कैंप प्रारम्भ हो गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को तरह तरह की विधाओं में पारंगत किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर विद्यालय बन्दरचुवा में भी समर कैंप संचालित हो रहा है। रुचिकर विधा में बच्चे भाग ले रहे हैं संस्था के प्राचार्य गुप्तेश्वर साय, ब्याख्याता आयोध गुप्ता व सीएसी विजय यादव के सार्थक पहल से उमावि बन्दरचुवा में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक के बच्चे मोटिवेट होकर भारी संख्या मे भाग ले रहे हैं। कुछ रंगोली, कुछ क्विज, कुछ चित्र कला,और कुछ पेंटिंग में भाग ले रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश के प्रारम्भ से ही विकास खण्ड कुनकुरी के प्राथमिक विद्यालय सलिकटोली, धूमाडांड़, कन्या स्कूल कुनकुरी, भुइहरटोली जैसे कई विद्यालय में अजीज प्रेमजी के ब्लॉक प्रभारियों व शिक्षकों के ⏭ शेष पेज 4 पर

# नोनी रक्षा रथ पहुंचा ग्राम बम्हनी

**जशपुरनगर।** शासन द्वारा जिले में संचालित नोनी रक्षा रथ जिले के दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनी पहुंचा। यहां आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आस-पास ग्राम पतराटोली, माझाटोली के ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा वहां उपस्थित ग्रामीणों को "नोनी रक्षा रथ" के कार्य के बारे में एवं हेल्पलाईन नंबर 9479128400 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कि वे 24 घंटे कॉल व व्हाट्सअप करके मद्द ले सकते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिलाओं का सम्मान करने कहा गया। साथ ही लोगों को आनलाईन ठगी, सायबर अपराध के संबंध में भी विस्तार से बताया कि किसी भी अनजान लिंक से न जुड़े, सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम में सिक्योरिटी पासवर्ड सावधानी से प्रयोग करें। अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट व कॉल से बचें। अपनी निजी जानकारी फोटो या वीडियो को किसी से शेयर न करें, सस्पेक्टेट लोगों से दूर रहने सलाह दिया गया। इंटरनेट के इस्तेमाल दौरान उच्च गुणवत्ता वाले एंटीवायरस व आपरेटिंग सिस्टम का उपयोग ⏭ शेष पेज 4 पर

## पुलिस अधीक्षक ने क्राईम मीटिंग लेकर दिए निर्देश

# शीघ्र निराकरण करने झगड़ेलु ग्रामों में पुलिस की लगेगी चौपाल: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर



क्राइम मीटिंग लेते एसपी।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कार्यालय में क्राईम मीटिंग लिया। मीटिंग में जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी,रक्षित निरीक्षक एवं थाना व चौकी प्रभारी शामिल हुए।

मीटिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित अपराध, चालान, मर्ग, राहत प्रकरण, शिकायत, गुम इंसान की थाना/चौकीवार बारीकी से समीक्षा कर थाना प्रभारी एवं संबंधित एसडीओपी को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही लंबित शिकायत व लंबित विभागीय जांच व प्रारंभिक जांच में लगातार कार्यवाही कर समयसीमा के भीतर जांच कार्रवाई पूर्ण करने निर्देशित किया गया। लंबित वारंट की तामिली अधिक से अधिक करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिये गए।

क्षेत्र में अवैध गतिविधियों होने की सूचना पर कार्यवाही नहीं होने की दशा में जिम्मेदारी तयकर संबंधित थाना व चौकी प्रभारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। अनुसूचित जाति व जनजाति के प्रकरणों में लंबित राहत प्रकरणों की समीक्षा कर अविलंब निराकरण हेतु आवष्यक दिशा-निर्देश दिया गया। थाना व चौकी की साफ-सफाई एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की लगातार समीक्षा कर समयसीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना व चौकी के विभिन्न दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में थाना प्रभारी अपने एसडीओपी के साथ मिलकर नियमित विजिट करें एवं दुर्घटना में कमी लाने हेतु आवष्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया। लंबित पासपार्ट सत्यापन, चरित्र सत्यापन, सिक व अवकाश गैरहाजिर प्रकरण, पीड़ति क्षतिपूर्ती प्रकरण, बंदी छुट्टी प्रकरण, सायबर टीप लाईन, सायबर पोर्टल प्रकरण एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त षिकायतों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने वाले जवाबदावा प्रकरण का समय पर प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देषित किया गया। मीटिंग के दौरान जिला पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे, उन्हें भी अपने अपने शाखा के कार्यों को पेंडिंग नहीं रखकर त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना व चौकी में काफी दिनों से पड़े लावारिस वाहन एवं सामान के संबंध में जानकारी लेकर उक्त वाहन एवं सामान को सुरक्षित रक्षित केन्द्र जशपुर में रखवाने हेतु कहा गया। शराब नष्टीकरण के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर नष्टीकरण करने हेतु कहा गया। नये कानून भारतीय न्याय संहिता का ज्ञान होना पुलिसकर्मियों के लिये अति आवश्यक है इस पर विस्तृत चर्चा की गई एवं थाना व चैकीवार विवेचकों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कहा गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में गांजा तस्करों, कफ सिरप तस्करों एवं अन्य तस्करी के विरूद्ध थाना व चौकी प्रभारी को प्रभावी कार्यवाही कर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु निर्देशित किया गया। दिगर राज्य व जिला से मादक पदार्थ की तस्करी न हो पाये इस हेतु मुखबीर तंत्र को एक्टिव कर लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। थाना व चौकी क्षेत्र में अनेकों झगड़ेलू ग्राम हैं, इन ग्रामों में प्रति सप्ताह ⏭ शेष पेज 4 पर

# सड़क जाम करने वाले व्यापारी को एसपी ने लगाई फटकार

**जशपुरनगर।** पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह शुक्रवार को भ्रमण पर तपकरा पहुंचे। वहां के एक व्यवसायी को स्टेट हाईवे से लगे आम रास्ता में सारिया एवं अन्य सामान रखे पाए जाने पर दुर्घटना होने की संभावना बताते हुए जमकर फटकार लगाई। साथ ही व्यवसायी से तत्काल सड़क साफ कराया। पुलिस अधीक्षक द्वारा तपकरा बस स्टैंड से घनश्याम नगर तक पैदल मार्च कर आवागमन की व्यवस्था देख रहे थे। इसी दौरान गंझियाडीह के एक व्यवसायी द्वारा रोड किनारे सरिया एवं अन्य सामान रखकर यातायात व्यवस्था बाधित कर रहा था। एसपी ने पहले समझाइश दी फिर फटकार लगाते तत्काल सरिया इत्यादि को मार्ग से हटवाया। यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक काफी गंभीर हैं, पत्थलगांव, तुमला, गंझियाडीह, सरईटोला इत्यादि में यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले व्यवसायी को मौके पर जाकर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त कराया गया है। पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा लगातार जिले की यातायात व ⏭ शेष पेज 4 पर

- भ्रमण के दौरान एसपी ने सडक पर रखे सामान को हटवाया



सड़क पर रखे समान को हटवाते एसपी।

